शंकर ने खुद लिखी है

शंकर ने खुद लिखी है,
श्री राम की कहानी है,
शंकर ने खुद लिखी है,
श्री राम की कहानी.......

है चार घाट इसमें,
वक्ता है चार ज्ञानी,
शंकर ने खुद लिखी है,
श्री राम की कहानी,
शंकर ने खुद लिखी है.......

कहीं याज्ञवल्क्य वक्ता,
बैठे हैं एक किनारे,
कहीं है गरुड़ जी श्रोता,
वक्ता भुसुंडि न्यारे.....

कहीं व्यास है महेश्वर,
श्रोता स्वयं भवानी,
शंकर ने खुद लिखी है,
श्री राम की कहानी...

छंदों में भाव भर कर,
शंकर ने है सुनाया,
गोस्वामी जी ने मथ कर,
अमृतमयी बनाया,
सुख दायनि कथा है,
लगती सुगम्य वाणी,
शंकर ने खुद लिखी है...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29895/title/shankar-ne-khud-likhi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |